अध्याय 13

# भारत का भूगोल

**इस अध्याय में आप सीखेंगे कि:**

- भारत का परिचय, उसका आकार एवं विस्तार के बारे में सामान्य जानकारी के साथ-साथ भारत-वैश्विक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।
- भारत का भूगोल कैसे भारत की ताकत है और मजबूरी भी।

## परिचय (Introduction)

भारत विषुवत् रेखा के उत्तर में उत्तरी गोलार्द्ध में अवस्थित है। भारतीय मुख्य भूमि दक्षिण में कन्याकुमारी से उत्तर में इंदिरा कॉल (जम्मू एवं कश्मीर) तक 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तक तथा पश्चिम में गौर मोता (गुजरात) से पूर्व में अरूणाचल प्रदेश (किबिधु)तक 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर के मध्य अवस्थित है। भारत का दक्षिणतम बिन्दु 'इंदिरा प्वाइण्ट' ग्रेट निकोबार द्वीप में अवस्थित है। इंदिरा प्वाइण्ट को **'पिगमेलियन प्वाइण्ट'** तथा **'पारसन प्वाइण्ट'** भी कहा जाता है।

भारत की स्थिति विषुवत् रेखा के उत्तर में है और कर्क रेखा इसके मध्य से होकर गुज़रती है। यह रेखा हमारे देश के 8 राज्यों यथा गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुज़रती है। **द्वीपों की कुल संख्या 247** है जिसमें से 204 द्वीप **अण्डमान निकोबार** द्वीप समूह में स्थित है। इसके अतिरिक्त **43 अरब सागर** में स्थित है। अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह ज्वालामुखी निर्मित तथा लक्षद्वीप प्रवाल निर्मित है। लक्कादीव, मिनीकाय और अमीनीदीव लक्षद्वीप समूह के प्रमुख द्वीप है। रामेश्वरम द्वीप भारत और श्रीलंका के मध्य स्थित है।

भारत की स्थलीय सीमाएँ उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान और पाकिस्तान को स्पर्श करती हैं जबकि उत्तर में चीन, नेपाल, उत्तरपूर्व में भूटान तथा पूर्व में बंगलादेश एवं म्यांमार देश से मिली हुई हैं। हमारे देश की सबसे लम्बी स्थलीय सीमा बांगलादेश 4096.7 किमी. चीन को स्पर्श करती है जबकि सबसे छोटी स्थलीय सीमा भूटान के साथ है।

भारत का क्षेत्रफल विश्व के क्षेत्रफल का 2.4% और जनसंख्या 16.5% है। भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या 121 करोड़ है। (स्रोत जनसंख्या एवं नगरीकरण) बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित भारतीय राज्य हैं— तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, उड़ीसा और पश्चिमी बंगाल, जबकि अरब सागर के तट पर स्थित राज्य हैं—गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक तथा केरल। अंडमान निकोबार द्वीप समूह की समुद्री सीमा सबसे लंबी है जबकि राज्यों में **गुजरात** की समुद्रतटीय सीमा सबसे लम्बी है और गोवा की सबसे छोटी।

भारत के सम्पूर्ण क्षेत्रफल की विभागीय स्थिति है—


- 10.6% भाग पर पर्वत हैं,
- 18.5% भाग पर पहाड़ हैं,
- 27.7% भाग पर पठारी क्षेत्र हैं जबकि
- 43.2% भाग पर मैदान हैं।

(स्रोत –Alka Gautam Indian Geo)

## भारत से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखाएँ (International Borders of India)

**ड्यूरण्ड रेखा**—भारत तथा अफगानिस्तान (अब पाकिस्तान) के मध्य अवस्थित।

**मैकमोहन रेखा**—भारत तथा चीन के मध्य।




चित्र 13.1: भारत का भूगोल

**रेडक्लिफ रेखा**—भारत तथा पाकिस्तान के मध्य स्थित है।

- पाक जलडमरू मध्य श्रीलंका को भारत से पृथक करती है।
- ग्रेट चैनल इण्डोनेशिया के सुमात्रा द्वीप और ग्रेट निकोबार द्वीप को पृथक करती है।
- त्रिपुरा एवं बांग्लादेश के बीच की सीमा-शून्य रेखा।

## भारत एक नजर में

- क्षेत्रफल — 32,87,263 वर्ग किमी.
- जनसंख्या — 1 अरब 21 करोड़ 05 लाख
- राज्यों की संख्या — 29 (28 + तेलगांना)
- केन्द्रशासित प्रदेशों की संख्या — 07
- सबसे बड़ा राज्य (क्षेत्रफल की दृष्टि से) — राजस्थान (3,42,239 वर्ग किमी.)
- सबसे छोटा राज्य — गोवा (3702 वर्ग किमी)
- क्षेत्रफल सबसे बड़ा केन्द्रशासित — — अण्डमान एवं निकोबार द्वीप राज्य समूह (8249 वर्ग किमी)
- सबसे बड़ा जिला — कच्छ (गुजरात—45652 वर्ग किमी)
- सबसे छोटा जिला — माहे (पाण्डिचेरी—9 वर्ग किमी)
- क्षेत्रफल सबसे छोटा केन्द्रशासित राज्य — लक्षद्वीप
- अक्षांशीय विस्तार — 8°4' से 37°6' उत्तरी अक्षांश
- देशांतरीय विस्तार — 68°7' से 97°25' पूर्वी देशान्तर

- उत्तर-दक्षिण की दूरी — 3214 किलोमीटर
- पूर्व-पश्चिम की दूरी — 2933 किलोमीटर
- स्थल सीमा — 15,200 किलोमीटर
- समुद्री सीमा — 7516.6 किलोमीटर

**शीर्ष पाँच भौगोलिक क्षेत्र वाले जिले घटते क्रम में**

- कच्छ (45652) किमी.$^2$ में
- लेह (45110) किमी.$^2$ में
- जैसलमेर (38428) किमी.$^2$ में
- वाड़मेर (28387) किमी.$^2$ में
- बीकानेर (27284) किमी.$^2$ में

### तालिका 13.1 भारत के प्रमुख चैनल

| | |
|---|---|
| भारत-इंडोनेशिया | ग्रेट चैनल |
| लघु-अंडमान (कारनिकोवार) | 10° चैनल |
| मिनीकाय-लक्षद्वीप | 90 चैनल |
| मालद्वीप-मिनीकाय | 8° चैनल |
| भारत-श्रीलंका | मन्नार की खाड़ी |
| त्रिपुरा की सीमाएं | तीनों ओर से बांग्लादेश से घिरी हैं। |
| पाकिस्तान की सीमा से लगे भारतीय राज्यों में सर्वाधिक लंबी सीमा | जम्मू कश्मीर है। |

## अध्याय सार संग्रह

- पाकिस्तान और भारत की सीमा को स्पर्श करने वाले राज्य—जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात।
- भारत एवं अफगानिस्तान की सीमा को जम्मू-कश्मीर स्पर्श करता है।
- भारत एवं चीन को स्पर्श करने वाले राज्य—जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश।
- म्यांमार को स्पर्श करने वाले राज्य—अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम।
- बंगलादेश को स्पर्श करने वाले राज्य—मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय एवं पश्चिम बंगाल।
- अफगानिस्तान को स्पर्श करने वाला राज्य—जम्मू कश्मीर।
- नेपाल को स्पर्श करने वाले राज्य—उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम।
- भूटान को स्पर्श करने वाले राज्य—सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, अरूणाचल प्रदेश।
- भारत की स्थलीय सीमा की लम्बाई 15,200 किमी तथा मुख्य भूमि की समुद्र तटीय सीमा की लम्बाई 6,100 किमी तथा मुख्य भूमि, लक्षद्वीप समूह और अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह के समुद्रतट की कुल लम्बाई 7,516.6 किमी है। इस प्रकार भारत की कुल सीमा 15200 + 7516.6 = 22716.6 किमी. है।
- भारत पूर्णतया उत्तरी-गोलार्द्ध में स्थित है। देश का विस्तार उत्तर से दक्षिण तक 3,214 किमी और पूर्व से पश्चिम तक 2,933 किमी है।
- विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का स्थान सातवां तथा जनसंख्या की दृष्टि से दूसरा है।
- अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह **मरकत द्वीप** (एमराल्ड आईलैण्ड) के नाम से प्रसिद्ध है।
- लक्षद्वीप समूह में लक्कादीव, मिनीकाय और अमीनीदीव प्रमुख द्वीप हैं।
- यद्यपि लक्षद्वीप का स्थलीय क्षेत्रफल कम है किन्तु इसका लैगून क्षेत्र 4,200 वर्ग किमी, स्थलीय जल क्षेत्र 20,000 वर्ग किमी तथा विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) लगभग 700,000 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है।
- अरब सागर के तट पर स्थित भारतीय राज्य क्रमशः गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक तथा केरल हैं जबकि बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित भारतीय राज्य तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिमी बंगाल हैं।
- गुजरात सबसे अधिक लम्बी समुद्र-तटीय सीमा वाला राज्य है जबकि गोवा की समुद्र-तटीय सीमा सबसे छोटी है।
- 82°30' पूर्वी देशान्तर रेखा नैनी (इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश) से होकर गुजरती है।

- कोच्चि का जुड़वां नगर एर्नाकुलम तथा हैदराबाद का जुड़वां नगर सिकन्द्राबाद है।
- रामेश्वरम द्वीप (तमिलनाडु) भारत और श्रीलंका के मध्य स्थित है।
- आदम का पुल भारत और श्रीलंका के मध्य स्थित है।
- पाण्डिचेरी केन्द्रशासित क्षेत्र के अन्तर्गत **माहे** (केरल में), **कराइकल** (तमिलनाडु में) तथा **यनम** (आन्ध्र प्रदेश में) तथा मुख्य पाण्डिचेरी तमिलनाडु में है
- भारत और चीन के बीच की सीमा को **मैकमेहीन रेखा** तथा भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा को **रेडक्लिफ रेखा** के नाम से जाना जाता है।
- देश में जिलों की सर्वाधिक संख्या **उत्तर प्रदेश** राज्य (75) में है।
- देश में तहसीलों की सर्वाधिक संख्या **आन्ध्र प्रदेश** राज्य (1,125) में है।
- देश में नगरों की सर्वाधिक संख्या **तमिलनाडु** राज्य (832) में है।
- देश में गांवों की सर्वाधिक संख्या **उत्तर प्रदेश** राज्य (1,07,452) में है।
- गाँवों की कुल संख्या—6.41 लाख (2011)

1. **क्षेत्रफल** — 32,87,263 वर्ग किमी. (विश्व का 2.4 प्रतिशत) विश्व में सातवाँ स्थान
2. **अवस्थिति** — उत्तरी गोलार्द्ध में 8°4' से 37°6' उत्तरी अक्षांश और 68° 7' से 97° 25' पूर्वी देशान्तर के मध्य विस्तृत
3. **पूर्व से पश्चिम विस्तार** — 2933 किमी.
4. **उत्तर से दक्षिण विस्तार** — 3214 किमी.
5. **शीर्ष बिन्दु** — उत्तरतम बिन्दु—इंदिरा कॉल, सियाचिन ग्लेशियर (जम्मू कश्मीर)
   दक्षिणतम बिन्दु—इंदिरा प्वाइंट (ग्रेट निकोबार)
   भूमि का दक्षिणतम् बिन्दु—कन्याकुमारी (तमिलनाडु)
   पश्चिमतम बिन्दु—गौरमाता/सरक्रीक (गुजरात)
   पूर्वोत्तम बिन्दु —किबिथु (अरूणाचल प्रदेश)
6. **मानक समय** — इलाहाबाद के निकट नैनी से गुजरने वाली 82.50 पूर्वी देशान्तर रेखा को माना गया है जो ग्रीनवीच समय से 5:30 घंटे आगे है।

   ***नोट***—82.50 पूर्वी देशान्तर रेखा 5 राज्य यथा—उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश से होकर गुज़रती है।
7. **कर्क रेखा** — भारत के आठ राज्यों यथा—राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुज़रती है।
8. **भारत के पड़ोसी देश** — भारत के कुल 9 पड़ोसी देश है, जिनमें 7 स्थलीय सीमा से सम्बद्ध है, जबकि श्रीलंका व मालदीव जलीय सीमा से सम्बद्ध है।

| देश | अवस्थिति | सीमा की लम्बाई (किमी में) | सम्बद्ध राज्य |
|---|---|---|---|
| बांग्लादेश | भारत के पूर्व में | 4096.7 किमी. | प. बंगाल, असोम, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम |
| चीन | भारत के उत्तर में | 3488 किमी. | जम्मू कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश |
| पाकिस्तान | भारत के उत्तर पश्चिम | 3323 किमी. | गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू कश्मीर |
| नेपाल | भारत के उत्तर में | 1751 किमी. | उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश सिक्किम, बिहार, प. बंगाल |
| म्यांमार | भारत के पूर्व में | 1643 किमी. | अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड |
| भूटान | भारत के उत्तर में | 699 किमी. | सिक्किम, प. बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, असोम |
| अफगानिस्तान | भारत के उत्तर पश्चिम में | 106 किमी. | जम्मू कश्मीर (पीओके) |

***नोट***—भारत के 17 राज्य पड़ोसी देशों की स्थलीय सीमाओं से जुड़े हैं।

- **भारतीय भूमि का वर्गीकरण**—1. उत्तर पर्वतीय प्रदेश, 2. सिन्धु और गंगा का मैदान, 3. प्रायद्वीपीय पठार, 4. तटवर्ती मैदान एवं द्वीप समूह।